सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-524
28/10/2017

बिना दहेज लिये शादी किये हुये जोड़े ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

पटना, 28 अक्टूबर 2017 :– आज बिना दहेज शादी करने वाले भोजपुर जिले के सिकरहटा निवासी पूजा एवं चतुर्भुजी बरांव गाँव के प्रकाश साह ने मुख्यमंत्री आवास पहुंचकर लोक संवाद में मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री ने बिना दहेज की शादी करने वाले वर–वधु के फैसले की प्रशंसा करते हुए उन्हें अपना आशीर्वाद दिया। मुख्यमंत्री के आह्वान और दहेज–प्रथा के खिलाफ छेड़े गए अभियान से प्रेरित होकर बिन दहेज के शादी करने वाले इस नवविवाहित जोड़े को इस पुनित कार्य के लिये मुख्यमंत्री की तरफ से प्रशस्ति पत्र दिया जायेगा।

इस अवसर पर जदयू के तरारी प्रखंड अध्यक्ष श्री अरुण प्रताप सिंह, सिकरहटा की मुखिया श्रीमती उर्मिला देवी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

******